न्यायालय सहायक कलक्टर(एस.डी.ओ.)सिणधरी

पीठासीन अधिकारी–श्री जगदीश सिंह आशिया, आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या :– 49/2025

वादीनी **बनाम** **प्रतिवादीगण**

ढेलीदेवी पत्नि देवाराम जाति भील निवासी सिणधरी चौसीरा तहसील सिणधरी जिला बालोतरा।	1. पूराराम पुत्र मांगाराम 2. सकाराम पुत्र मांगाराम 3. चौथीदेवी पुत्री मांगाराम 3/1 लक्ष्मी पुत्री उमाराम 3/2 मंजु पुत्री उमाराम 3/3 जेठाराम पुत्र उमाराम 3/4 पूजा पुत्री उमाराम (जेठाराम, पूजा नाबालिग जरिये वली पिता उमाराम) जातियान भील निवासी धनवा तहसील सिणधरी जिला बालोतरा। 4. तहसीलदार सिणधरी।

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थिति–

1.श्री भंवरलाल सारण, अधिवक्ता वादीनी की ओर से उपस्थित।

2.प्रतिवादी सं. 04 पैरोकार उपस्थित, शेष एकतरफा।

निर्णय

दिनांक– 03.09.2025

संक्षिप्त में वादपत्र के सुसंगत तथ्य इस प्रकार है,कि मौजा– धनवा पटवार हल्का धनवा तहसील सिणधरी के खेत खसरा नं. 233 रकबा 2.0468 हैक्टेयर के संबंध मे प्रस्तुत वादपत्र दिनांक 12.08.2025 को प्राथमिक रूप से स्वीकार कर तहसीलदार सि[illegible] मौके पर पक्षकारान का कब्जा काश्त अनुसार बाई मिटस एण्ड बाउण्ड विभाजन प्रस्ताव तैयार कर [illegible] भिजवाने हेतु अधिकृत किया गया था।

तहसीलदार सिणधरी द्वारा आदेश की पालना में न्यायालय [illegible] माफिक प्राथमिक डिक्री अनुसार तहसील सिणधरी में अवस्थित भूमि के मौके का विभाजन प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध करवाया। जिसे वादिनी अधिवक्ता की ओर से विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार भी किया गया।

लिहाजा वादिनी का वाद अंतिम रूप से स्वीकार किया जाकर मौजा धनवा पटवार हल्का धनवा तहसील सिणधरी के खेत खसरा नं. 233 रकबा 2.0468 हैक्टेयर भूमि के संबंध मे विभाजन पक्षकारान के मध्य निम्न प्रकार किया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2025.09.29 18:21:08 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
SDO सिणधरी

क्र.सं.	नाम खातेदार	ग्राम	खसरा नं.	रकबा हैक्टेयर	किस्म	लगान	बरंग
1.	ढेलीदेवी पत्नि देवाराम जाति भील निवासी सिणधरी चौसीरा खातेदार।	धनवा	233	0.7200	बा.दो	0.11	हरा
			233	0.4496	बा.दो	0.07	
		योग	**2**	**0.2924**	**बा.दो**	**0.18**	
2.	पूराराम पुत्र मांगाराम जाति भील निवासी धनवा खातेदार।	धनवा	233	0.2924	बा.दो	0.05	लाल
3.	सकाराम पुत्र मांगाराम जाति भील निवासी धनवा खातेदार।	धनवा	233	0.2924	बा.दो	0.05	बैंगनी
4.	लक्ष्मी हि. 1/4 मंजु हि. 1/4 जेठाराम हि. 1/4 पूजा हि. 1/4 पि. उमाराम (माता चौथी देवी) जेठाराम पूजा नाबालिग जरिये वली पिता उमाराम जाति भील निवासी धनवा खातेदार।	धनवा	233	0.2924	बा.दो	0.05	पीला

तहसीलदार सिणधरी को आदेशित किया जाता है,कि वह उपरोक्तानुसार नामांतरकरण भरकर बाद जांच तस्दीक करें, संलग्न नामांतरकरण की पुश्त पर तरमीम अंकित करे, राजस्व रिकॉर्ड में विधिवत रुप से अमल दरामद की कार्यवाही करें। विभाजन नक्शा इस निर्णय का अभिन्न अंग होगा । डिग्री पर्चा मुर्तिब जारी हो। खर्चा पक्षकारान अपना –अपना वहन करें ।

सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.)सिणधरी

निर्णय आज दिनांक 03.09.2025 को लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.)सिणधरी

Signature Not Verified

Digitally signed by Jagdish Singh Ashiya
Date: 2025.09.29 18:21:08 IST
Reason: SelfAttested